an>

Title: Need to ensure proper implementation of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना परियोजना से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । मैं सर्वप्रथम धन्यवाद देना चाहूंगा माननीय वित्त मंत्री जी को जिन्होंने केन्द्रीय बजट 2014-15 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु 14,389 करोड़ रूपये आवंटित कर हमारी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केन्द्र सरकार द्वारा 250 से अधिक की आबादी के ग्रामों को जोड़ने के लिए वर्ष 2000 में शुभारंभ किया गया था । इस योजना के दिशानिर्देशानुसार इसे 9 से 12 महीने के भीतर पूरा करने की अपेक्षा की जाती है लेकिन सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि मेरे जिले में कुछ ग्रामीण सड़कों का निर्माण 13 साल के बाद भी कार्य समाप्त नहीं है, ग्रामीण सड़कों की हालत जर्जर है तथा योजना के दिशानिर्देशों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, ठेकेदारों एवं एनपीसीसी अधिकारियों के बीच सांठ-गांठ का पता चला है साथ ही साथ एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि 2008-09 के बीच मंजूर सड़कों का पूरा किया जाना अभी भी बाकी है तथा जो भी सड़क बनी है उसमें गुणवत्ता का अभाव है । इसमें निविदा प्रक्रिया में मानक तथा पात्रता मूल्यांकन की अनदेखी की गई है । यह एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है तथा दूरदराज के गांवों में रहने वाले ग्रामीणों में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कार्यान्वयन शैली को लेकर घोर आक्रोश है।

अतः अनुरोध है कि ग्रामीण भारत को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना को विफल होने से रोकें तथा एक विशेषज्ञों द्वारा निष्पक्ष जांच कराएं ।